पूर्ण क्षमता समुपयोजन प्रायः संभव नहीं होता। इसलिए, इस प्रकार की स्थिति में विद्युत उत्पादन की लागत अलग-अलग केन्द्रों में भिन्न-भिन्न होती है।

विद्युत उत्पादन के लिए समझौते

5381. **श्री अजीत जोगी:**
श्री मूलचन्द मीणा:

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन देशों के नाम क्या हैं जिनके साथ सरकार ने 1 अप्रैल, 1995 तक विद्युत उत्पाद के सम्बन्ध समझौते किये हैं;

(ख) उन कम्पनियों के देशवार नाम क्या हैं जोकि भारत में विद्युत क्षेत्र में पूंजी-निवेश करने के लिए पहल कर रही हैं और प्रत्येक देसी कम्पनी द्वारा कितनी धन-राशि का निवेश किया जाएगा; और

(ग) इसके परिणामस्वरूप भारत में विद्युत उत्पादन में कितनी वृद्धि होने की संभावना है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला सिंगनभाई पटेल): (क) विद्युत उत्पादन के बारे में सरकार से सरकार के बीच किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

(ख) व (ग) उन विद्युत कम्पनियों, जिन्होंने अपनी अभिप्रापित क्षमता और अनुमानित लागत समेत विद्युत उत्पादन परियोजनाओं में निवेश करने की रुचि प्रकट की है, उनके नामों को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है।

[देखिए परिशिष्ट 173 अनुपत्र सं० 116]

डीजल पर आधारित विद्युत संयंत्र

5382. **श्री मूलचन्द मीणा:** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या डीजल पर आधारित कुछ विद्युत संयंत्रों को स्थापित करने के संबंध में प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उन पर होने वाली अनुमानित लागत का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन से सम्बद्ध कार्य कब तक चालू किया जाएगा?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला सिंगनभाई पटेल): (क) से (ग) डीजल आधारित ताप विद्युत परियोजनाओं की स्थापना के उन प्रस्तावों का ब्यौरा, जो केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में तकनीकी-आपूर्ति स्वीकृति हेतु प्राप्त की गई है, निम्नवत है:—

स्कीम का नाम	अनुमानित लागत (रु०)	अभिव्यक्ति
1. कोझिकोडे डीजल जेनेरेटिंग प्रोजेक्ट केरल (120 मे०वा०)	355.00 करोड़	इन स्कीम को के०वि०प्रा० द्वारा तकनीकी-आर्थिक दृष्टि से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।
2. बम्बूलसैट डीजल जेनेरेटिंग प्रोजेक्ट,साउथ अण्डेमान्स (50 मे०वा०)	69.9 करोड़	इन स्कीम को भी-के०वि०प्रा० द्वारा तकनीकी-आर्थिक दृष्टि से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।
3. केलालंका डीजी सेट्स विस्तार, कर्नाटक (47 मे०वा०)	124.10 करोड़	
4. कासारगोडे डीजल जेनेरेटिंग पावर प्रोजेक्ट, केरल (60 मे०वा०)	180.8 करोड़	
निजी क्षेत्र		
5. ग्वालियर डीजल जेनेरेटिंग प्रोजेक्ट (126. मे०वा०) मध्य प्रदेश	524.05 करोड़	
6. सामायानाल्लूर डीजल जेनेरेटिंग प्रोजेक्ट (100 मे०वा०) तमिलनाडु	384.00 करोड़	